"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 16] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 18 अप्रैल 2014—चैत्र 28, शक 1936

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 29 मार्च 2014

क्रमांक ई-1-04/2014/एक/2.—राज्य शासन द्वारा श्री टी.[redacted]णन, भा.प्र.से. (सी.जी. : 1978), अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त संचालक, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

राज्य शासन भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2007 के नियम 9 के तहत संचालक, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के मुख्य सचिव वेतनमान के समकक्ष घोषित करता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित नया रायपुर ...

2. राज्य शासन द्वारा श्री दिनेश श्रीवास्तव, भा.प्र.से. (सी.जी. : 1992), सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

यह आदेश दिनांक 1-04-2014 से प्रभावशील रहेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 4 मार्च 2014

क्रमांक/एफ-19-45/25-3/2012.—हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 (क्रमांक 25 सन् 2013) की धारा 36 की उप-धारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.**— (1) ये नियम छत्तीसगढ़ हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास नियम, 2014 कहलाएंगे।

(2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

(3) ये नियम समस्त संस्थाओं एवं क्षेत्रों, जिसके लिये राज्य शासन समुचित शासन है, में प्रवृत्त और प्रभावशील होंगे।

2. **परिभाषाएं.**— (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) **"अधिनियम"** से अभिप्रेत है हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 (क्रमांक 25 सन् 2013);

(ख) **"जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति"** से अभिप्रेत है जिले में हाथ से मैला ढोले वाले कर्मियों के सर्वेक्षण की प्रक्रिया का संचालन तथा निरीक्षण करने हेतु राज्य शासन द्वारा गठित समिति। समिति की संरचना और कृत्य परिशिष्ट-एक के अनुसार राज्य शासन द्वारा अधिसूचित की जायेगी;

(ग) **"निरीक्षक"** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (1) के प्रावधानों के अनुसार राज्य शासन द्वारा "निरीक्षक" के रूप में नियुक्त व्यक्ति;

(घ) **"गणक"** से अभिप्रेत है स्थानीय प्राधिकार द्वारा हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के सर्वेक्षण अथवा सत्यापन के प्रयोजन हेतु संलग्न कोई व्यक्ति;

(ङ) **"राज्य स्तरीय सर्वेक्षण समिति"** से अभिप्रेत है जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति के माध्यम से राज्य में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के सर्वेक्षण की योजना, समन्वयन और निगरानी (मॉनिटरिंग) हेतु राज्य शासन द्वारा गठित समिति। समिति की संरचना और कृत्य राज्य शासन द्वारा अधिसूचित की जायेगी;

(च) **"पर्यवेक्षक"** से अभिप्रेत है गणक के द्वारा किये गये सर्वेक्षण के कार्य के पर्यवेक्षण करने एवं गणक के द्वारा किये गये सत्यापन को और सत्यापित करने हेतु स्थानीय प्राधिकार द्वारा संलग्न अधिकारी।

(2) सभी अन्य शब्द और अभिव्यक्तियां जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं है, उनका वही अर्थ होगा जो अधिनियम में परिभाषित हैं।

3. **मल–जल निकास (सीवर) तथा सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नियुक्त कर्मचारियों के प्रति नियोक्ता के दायित्व.–** (1) मल–जल निकास (सीवर) तथा सेप्टिक टैंक की जोखिमपूर्ण तरीके से सफाई के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त नहीं किया जायेगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति, मल–जल निकास (सीवर) तथा सेप्टिक टैंक की सफाई के कार्य में नियुक्त है तो उसे, उसके नियोक्ता के द्वारा निम्नलिखित सुरक्षा सामग्री एवं सुरक्षा संबंधी उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा:–

(एक)	सुरक्षा वस्त्र/सुरक्षा बेल्ट
(दो)	चेहरे का सामान्य नकाब
(तीन)	सुरक्षा टार्च
(चार)	दस्ताने
(पांच)	सुरक्षा चश्मा
(छः)	सुरक्षा हेलमेट
(सात)	आपातकालीन चिकित्सकीय जीवनरक्षक आक्सीजन किट
(आठ)	गैस मानीटर (4 गैस)
(नौ)	हेड लैम्प
(दस)	रिफलेक्टिंग जैकेट
(ग्यारह)	गाइड पाइप सेट
(बारह)	सुरक्षा ट्राइपॉड सेट
(तेरह)	वेडर सूट
(चौदह)	श्वसन उपकरण
(पंद्रह)	क्लोरीन नकाब
(सोलह)	धौंकनी हेतु वायु संपीडक (एयर कंप्रेसर फार ब्लोअर)
(सत्रह)	माड्युलर एयर लाईन सप्लाई ट्रॉली सिस्टम
(अट्ठारह)	पूरे चेहरे हेतु नकाब
(उन्नीस)	सुरक्षा हेतु रबड़ के जूते
(बीस)	बरसाती (रेनकोट)

(3) स्थानीय प्राधिकार यह सुनिश्चित करेगा कि मल–जल निकास (सीवर) तथा सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु, नवीनतम आधुनिक सुरक्षा उपकरणों और तकनीकी का उपयोग किया जाये।

(4) नियोक्ता कर्मचारी को मल–जल निकास (सीवर) तथा सेप्टिक टैंक की सफाई के कार्य में लगाने के पूर्व निम्नलिखित सुरक्षा सावधानियां भी सुनिश्चित करेगा, अर्थात्:–

(क) वहां पूरे समय न्यूनतम दो कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जिसमें से एक पर्यवेक्षक होगा;

(ख) सीमित स्थान के भीतर वातावरण में आक्सीजन की कमी और विषाक्त तथा दहनशील गैस का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जायेगा;

(ग) सीवर की सफाई के दौरान पूरे समय, कम से कम एक प्रशिक्षित एवं अनुभवी कर्मचारी उपस्थित रहेगा;

(घ) सफाई का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व पर्यवेक्षक निरीक्षण करेगा और निर्धारित करेगा कि क्या सीवर के किसी उद्योग से होकर गुजरने से खतरनाक वातावरण प्रत्याशित (निर्मित) हो रहा है जिसका सामना करना पड़ सकता है;

(ड.) मैनहोल की धातु की सीढ़ी और बाजू की दीवारो की स्थिति का परीक्षण किया जायेगा कि क्या उनके टूट कर गिरने का कोई खतरा है;

(च) सीवर मैनहोल में या उसके पास धूम्रपान या आग की लपटों की अनुमति नहीं होगी;

(छ) पूरे समय यातायात और पैदल यात्री अवरोधक उपलब्ध कराना होगा;

(ज) निर्धारित स्थान से कम से कम 50 फीट आगे एक व्यक्ति झण्डा लेकर खड़ा होगा और जो आने वाले यातायात के लिए कम से कम 500 फीट से दृश्यमान होगा।

4. **अस्वच्छ शौचालयों के सर्वेक्षण करने की रीति तथा उसकी सूची का प्रकाशन.**– (1) प्रत्येक स्थानीय प्राधिकार, अधिनियम के प्रारंभ होने की तिथि से दो माह की अवधि के अंदर, अपने क्षेत्र में अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण करेगा और उसकी सूची प्रकाशित करेगा जिसके लिए एक समय सूची तैयार करेगा।

(2) भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त, (आर. जी. आई.) नई दिल्ली के कार्यालय से या संबंधित राज्य या केन्द्र शासित क्षेत्र के जनगणना संचालन (डी. सी.. ओ.) के क्षेत्रीय निदेशक के कार्यालय से अन्य बातों के साथ–साथ ऐसे वार्ड/गांव/प्रक्षेत्र के संबंध में, जहां अस्वच्छकर शौचालय स्थित हैं, जानकारी प्राप्त की जायेगी।

(3) आर. जी. आई. या डी. सी.. ओ. में वांछित आंकड़े उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, स्थानीय प्राधिकार इस प्रयोजन हेतु क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों के कल्याण हेतु कार्य करने वाले समुदाय के नेताओ, अशासकीय संस्थाओं (एन. जी. ओ.) की सहायता प्राप्त करेगा।

(4) स्थानीय प्राधिकार, अपने मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अधीन एक समिति का गठन करेगा, जिसमें कम से कम एक सदस्य सफाई कर्मचारियों के समुदाय से होगा, यह समिति सर्वेक्षण की योजना बनायेगी और उसकी निगरानी करेगी।

(5) सर्वेक्षण के अनुसार अस्वच्छ शौचालयों के संबंध में प्राप्त आंकड़े की तुलना इस नियम के उप–नियम (2) में यथा निर्दिष्ट प्राप्त आंकड़े से की जायेगी और कोई भिन्नता होने की स्थिति में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि सर्वेक्षण से अस्वच्छकर शौचलयों की सही और निष्पक्ष तस्वीर स्पष्ट हो।

(6) स्थानीय प्राधिकार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपने क्षेत्राधिकार में स्थित अस्वच्छ शौचालयों की प्रारंभिक सूची तैयार करेगा और उसे इस उल्लेख के साथ आपत्ति, यदि कोई हो, को विनिर्दिष्ट तिथि तक प्राप्त की जायेगी और स्थानीय प्राधिकार के कार्यालय के सूचना पटल में प्रदर्शित करेगा।

(7) स्थानीय प्राधिकार, शिकायतों की सुनवाई के लिए यथा विनिर्दिष्ट सम्यक् तिथि पर एक बैठक का आयोजन करेगा और प्रारंभिक सूची के संबंध में आपत्तियां प्राप्त करेगा तथा अस्वच्छ शौचालयों की अंतिम सूची को अनुमोदित करेगा।

(8) स्थानीय प्राधिकार के द्वारा अस्वच्छ शौचालयों की अंतिम सूची तैयार और प्रकाशित की जायेगी।

(9) समिति, सर्वेक्षण प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी को परिशिष्ट–तीन में प्रस्तुत करेगी, बदले में, वह स्वयं या अन्य कोई विभाग, जिसे इस प्रयोजन के लिए अभिहित किया गया है, के माध्यम से उसके क्षेत्राधिकार के अधीन समस्त स्थानीय प्राधिकारों का समेकित प्रतिवेदन, राज्य शासन के संबंधित विभाग, जिसे इस प्रयोजन के लिए अभिहित किया गया है, को प्रस्तुत करेगी। अभिहित विभाग, हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों से संबंधित मामलों पर कार्य करने वाले राज्य शासन के विभाग को सर्वेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा और उसकी प्रतिलिपि, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अस्वच्छ शौचालयों को स्वच्छ शौचालयों में परिवर्तित करने से संबंधित कार्य करने वाले केन्द्रीय मंत्रालय/संबंधित विभाग को पृष्ठांकित करेगा। केन्द्र या राज्य की संबंधित योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राही ऐसी योजनाओं के अन्तर्गत देय वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

5. **नोटिस देने की प्रकिया एवं अस्वच्छ शौचालयों को ध्वस्त करने की लागत की वसूली.–**

(1) स्थानीय प्राधिकार अस्वच्छ शौचालयों की सूची के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के अंदर अस्वच्छ शौचालय के कब्जाधारी को एक सूचना पत्र तामील करेगा कि वह इस अधिनियम के प्रारंभ होने की तिथि से छः माह के अंदर या तो अस्वच्छ शौचालय को ध्वस्त करे या इसे स्वच्छ शौचालय में परिवर्तित करे। अधिनियम की धारा 20 के अधीन नियुक्त निरीक्षक को भी ऐसी सूचना पत्र की एक प्रति प्रेषित की जायेगी।

(2) सूचना अवधि के अवसान के उपरांत निरीक्षक अस्वच्छ शौचालय के कब्जाधारी के परिसर का निरीक्षण करेगा और उपर्युक्त संबंध में निष्कर्षों से स्थानीय प्राधिकार को प्रतिवेदित करेगा। यदि कब्जाधारी ने अस्वच्छ शौचालय को न तो ध्वस्त किया गया है और न ही स्वच्छ शौचालय में परिवर्तित किया गया है तो स्थानीय प्राधिकार उसे ध्वस्त करने हेतु आदेश करेगा और उसकी लागत कब्जाधारी से भू राजस्व के बकाया के रूप में वसूल करेगा।

6. **हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों की पहचान के लिये सर्वेक्षण की विषयवस्तु एवं कार्यप्रणाली तथा पात्रता शर्तें और हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के रूप में कार्य करते हुए पाये गये व्यक्तियों की प्रावधिक सूची का प्रकाशन.**– (1) यदि किसी स्थानीय प्राधिकार के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि कुछ व्यक्तियों को, उसके क्षेत्राधिकार अंतर्गत हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के रूप में नियुक्त किया गया है या नियोजित गया है तो स्थानीय प्राधिकार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ऐसे व्यक्तियों की पहचान हेतु अपने अधीन सर्वेक्षण करायेगा। भारत के महापंजीयक के आवास सूचीकरण और आवासीय जनगणना के आंकड़ों या अन्य संबंधित आंकड़ों के अनुसार, अस्वच्छ शौचालयों के अस्तित्व में होना, यह विश्वास करने का पर्याप्त कारण होगा कि कुछ व्यक्तियों को हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के रूप में नियुक्त या नियोजित किया गया है। स्थानीय प्राधिकार के द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों का सर्वेक्षण संपादित किया जायेगा।

(2) राज्य, जिले, अनुविभाग एवं शहर स्तर पर, जहां कि अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के खण्ड (क) में उल्लिखित अनुसार अस्वच्छ शौचालयों के सर्वेक्षण के दौरान अस्वच्छ शौचालय पाये गये थे, जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

(3) स्थानीय प्राधिकार हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों की पहचान के लिए सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य करने वाले समुदाय के नेताओं या गैर–शासकीय अधिकारियों (एन. जी. ओ.) का भी सहयोग लेगा।

(4) हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों को स्वघोषणा केन्द्रों पर स्वयं को घोषित करने हेतु जागरूकता अभियान के माध्यम से आमंत्रित किया जायेगा और ऐसी अवधि के दौरान और ऐसे स्थान पर, उनके विवरणो का सत्यापन किया जायेगा, जिसे स्थानीय प्राधिकार के द्वारा अधिसूचित किया जायेगा, यदि एन. जी. ओ. या कोई अन्य व्यक्तियों या अभिकरण के द्वारा, हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों की सूची, उपलब्ध कराई गई है तो उसका पूरी तरह से सत्यापन करते हुए उनकी पहचान की जायेगी। ऐसी परिस्थिति में, जब किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की संख्या या अस्वच्छ शौचालयों के आंकड़ों के मध्य किसी तरह की भिन्नता हो तो स्थानीय प्राधिकार, गणक के माध्यम से अस्वच्छ शौचालयों में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के नाम जानने हेतु घर–घर जाकर अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण करने का आदेश करेगा। स्थानीय प्राधिकार भी हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों/सफाई कर्मचारियों की सघन बसाहट वाली बस्तियों में जाकर हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की पहचान करने का प्रयास करेगा।

(5) स्थानीय प्राधिकार के द्वारा इस प्रयोजन हेतु अभिहित पर्यवेक्षकों के द्वारा गणकों के द्वारा किये गये कार्य की नमूना जांच, निम्नलिखित संकेतकों की सीमा तक यादृच्छिक चयन के आधार पर किया जायेगा :–

(क) ग्रामों में, 100% जांच;

(ख) शहरों और कस्बों जहां 1000 परिवार से कम में अस्वच्छकर शौचालय हैं, 100% जांच;

(ग) शहरों/कस्बों जहां 1000 से 9999 परिवारों में अस्वच्छकर शौचालय हैं, प्रत्येक गणक द्वारा सत्यापित 50% घोषणाओं की जांच की जायेगी;

(घ) शहरों और कस्बों जहां 10000 से अधिक परिवारों में अस्वच्छकर शौचालय हैं, प्रत्येक गणक द्वारा सत्यापित 33% घोषणाओं की जांच की जाएगी;

(ङ) श्रेणी (ग) और (घ) में, यदि किसी गणक के द्वारा किये गये कार्य के नमूना जांच में 10% से अधिक त्रुटियां हैं तो पर्यवेक्षक के द्वारा उसके द्वारा किये गये कार्य की 100% जांच की जाएगी।

(6) मानव मल के पूर्ण रूप से अपघटित होने के पूर्व, उसके निपटान के लिये, ऐसी युक्ति या उपकरण की सहायता से जो बिजली से कार्य नहीं करता है, सिवाय शारीरिक श्रम के, जैसे बेलचा, पतरा, बाल्टी, झाड़ू, करछा, डलिया, तसला, फावड़ा आदि, जो सुरक्षात्मक कल–पुर्जे या युक्ति या उपकरण या विद्युतीय उर्जा से चलने वाले उपकरण या अन्य किसी स्वरूप की उर्जा जो यांत्रिक रूप से पारेषित हो, से तथा मनुष्य द्वारा या किसी पशुबल अभिकरण द्वारा उत्पन्न नहीं हो, की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता है, में किसी व्यक्ति को लगाया जाता है तो वह मैला ढोने का कार्य करने वाले कर्मचारी के रूप में अर्थ लगाया जायेगा और वह हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी समझा जाएगा;

(7) हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी की पहचान के लिए न्यूनतम और अधिकतम आयु सीमा का बंधन नहीं है और हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के रूप में पहचान हेतु जाति या धर्म या आय संबंधी कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

(8) अधिनियम की धारा 2 की उप–धारा (1) के खण्ड (छ) में परिभाषित अनुसार कोई व्यक्ति हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के रूप में नियुक्त है या नियोजित है और सर्वेक्षण के पूर्ववर्ती एक वर्ष के दौरान वास्तव में निरंतर कम से कम तीन माह से इस रूप में कार्य कर रहा है।

(9) पर्यवेक्षकों के द्वारा यथा सत्यापित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में पहचाने गए लोगों की प्रारूप सूची, संबंधित स्थानीय प्राधिकार के द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई जाएगी और उनके अपने कार्यालय में और ऐसे अन्य स्थानों में, जहां वे उचित समझते हैं, प्रदर्शित की जाएगी। प्रारूप सूची की एक प्रति, स्थानीय प्राधिकार के सदस्यों और गैर सरकारी संगठनों/सफाई कर्मचारियों के समुदाय के नेताओं को भी उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय प्राधिकार, प्रारूप सूची प्रकाशित करते हुए, दो सप्ताह की अवधि के अंदर विहित प्रपत्र में उक्त सूची पर लोक सदस्यों से आपत्ति और दावा आहूत करेगा।

(10) यदि किसी व्यक्ति को अधिनियम की धारा 11 की उप–धारा (4) सहपठित धारा 14 के अनुसरण में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की प्रावधिक सूची में अंकित किसी नाम के या तो समावेशन या अपवर्जन में कोई आपत्ति है तो वह उक्त प्रकाशन से 15 दिवस के अवधि के अंदर विहित प्रारूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

7. **हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के रूप में कार्य करते हुए पाये गये व्यक्तियों की अंतिम सूची का प्रकाशन.**– (1) स्थानीय प्राधिकार अपने क्षेत्राधिकार में, यदि हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की सूची को अंतिम रूप देने की आवश्यकता समझा है, तो सूची में प्राप्त आपत्तियों की जांच करेगा और एक बैठक आयोजित करेगा। स्थानीय प्राधिकार के द्वारा सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किए जाने के उपरांत, सूची में समावेशित या अपवर्जित करने हेतु सूची पर कोई भी दावा या आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा, तथापि हाथ से मैला ढोने वाला कर्मचारी द्वारा अपने बारे में स्वघोषणा पत्र देने पर, हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के रूप में पात्र होगा।

(2) जिला कलेक्टर, प्राप्त दावा एवं आपत्तियों की जांच और उन पर निष्कर्ष देने हेतु तहसीलदार/विकास खण्ड अधिकारी से अनिम्न अधिकारी को अधिसूचित करेगा।

(3) दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु प्रपत्र, अभिहित स्थान (स्थानों) में मांग किए जाने पर, साथ ही जिला/स्थानीय प्राधिकार की वेबसाईट के माध्यम से आवेदक को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। दावाकर्ता या आपत्तिकर्ता अपने दावे का समर्थन दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो, से कर सकता है।

(4) अभिहित अधिकारी के द्वारा संक्षिप्त सुनवाई संपादित की जायेगी। दावे के सत्यापन के लिए अभिहित अधिकारी, यदि आवश्यक हो, नये सिरे से सत्यापन किए जाने का आदेश कर सकेगा। संक्षिप्त सुनवाई और उसके बाद किये गये सत्यापन (यदि आदेशित है) पर, अधिकारी दावा/आपत्ति को स्वीकार या अस्वीकार्य करने का एक समुचित आदेश पारित करेगा। आदेश की एक प्रति, यथास्थिति, संबंधित व्यक्ति को प्रदान की जायेगी।

(5) अभिहित अधिकारी के द्वारा दावों एवं आपत्तियों के समाधान के उपरांत स्थानीय प्राधिकार प्रारूप सूची में आवश्यक सुधार करेगा और उस पर विचार करने हेतु जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति को प्रेषित करेगा।

(6) जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति के द्वारा सूची अनुमोदित किए जाने के उपरांत इसे संबंधित कार्यालयों के सूचना फलक में सम्यक् रूप से प्रकाशित की जाएगी और अंतिम सूची जिला और राज्य शासन की वेबसाईट में भी अपलोड की जायेगी।

(7) जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति प्रत्येक स्थानीय प्राधिकार से प्राप्त हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की सूची को समेकित करने का कार्य करायेगी और जिले के लिए हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की सूची तैयार करायेगी जिसे जिला कलेक्टर के द्वारा सर्वे हेतु राज्य नोडल विभाग को अग्रेषित किया जाएगा।

(8) राज्य नोडल विभाग, विभिन्न जिलो से प्राप्त हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की सूची समेकित करेगा और हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की एक समेकित राज्य सूची तैयार करायेगा।

(9) सैनिक मण्डल एवं रेल्वे भी अपने प्रशासित क्षेत्रों में अधिनियम और इन नियमों में दी गई समान प्रकिया की सहायता से हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों का सर्वेक्षण करायेंगे।

8. **स्थानीय प्राधिकार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन करने की रीति.**– (1) हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के रूप में कार्यरत कोई व्यक्ति, अधिनियम की धारा 11 या धारा 15 के अनुसरण में या तो स्थानीय प्राधिकार के अधीन किये जा रहे सर्वेक्षण के दौरान या उसके उपरांत किसी भी समय, स्थानीय प्राधिकार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को या उनके द्वारा इस संबंध में प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी को, हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के रूप में पहचाने जाने के लिए परिशिष्ट–चार के अनुसार विहित प्रपत्र में आवेदन कर सकता है।

(2) इस प्रकार की प्रत्येक घोषणा का सत्यापन, गणक के द्वारा किया जायेगा, जो हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के परिवारो से भेंट करेगा और जानकारी का सत्यापन करेगा।

9. **एक बार नगद सहायता की प्रारंभिक मात्रा.**– उपरोक्त नियम या अधिनियम की धारा 14 के अनुसरण में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की प्रकाशित अंतिम सूची में सम्मिलित या अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (3) या धारा 15 की उप–धारा (2) के अनुसरण में, वहां जोड़े गये किसी व्यक्ति को, हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए संघ क्षेत्रीय स्वरोजगार योजना के अधीन ऐसे प्रारंभिक रूप से या एक बार नगद सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

10. **निरीक्षक की शक्तियां.**– (1) **(एक)** समुचित शासन, अस्वच्छ शौचालयों या सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाकपूर्ण सफाई से, संबंधित किसी निरीक्षण, अनुसंधान या जांच संपादित करने के प्रयोजन हेतु जैसा कि आवश्यक समझा जाये और जब अपेक्षित हो, निरीक्षकों को नामांकित कर सकता है। समुचित शासन, अधिसूचना द्वारा, निरीक्षकों को नामांकित करेगा और उनकी स्थानीय अधिकारिता की सीमा, जिनके अंतर्गत वे अपने अधिकारों का प्रयोग करेंगे, को परिभाषित करेगा।

(दो) समुचित शासन, समय समय पर, इस नियम के उप–नियम (एक) में निर्दिष्ट विशेषज्ञों का एक पैनल और अभिकरण तैयार कर सकेगा।

(तीन) इस नियम के उप–नियम (एक) के अधीन निरीक्षकों को, ऐसे यात्रा भत्ते और दैनिक

भत्ते का भुगतान किया जायेगा जैसा कि उसके संगठन के द्वारा, जहां कि वह नियोजित है, में अनुज्ञात किया जाये।

(चार) निरीक्षकों को, उप–नियम (तीन) में निर्दिष्ट यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के अतिरिक्त, समुचित शासन द्वारा विनिश्चित किए गये अनुसार मानदेय का भी भुगतान किया जाएगा।

(2) (एक) अधिनियम की धारा 20 की उप–धारा (1) के अधीन नियुक्त निरीक्षकों को, अपने क्षेत्राधिकार के अधीन स्थित किसी भी लोक या निजी परिसर में, परिसर के मालिक को पूर्व में दिए गए सूचना पत्र के साथ, यथोचित समय में प्रवेश का अधिकार होगा और उसकी उपस्थिति में शौचालयों, खुली नालियों और गड्ढों या किसी अन्य स्थान या खुले स्थान जहां इस अधिनियम के अधीन अपराध हो रहा है या हुआ है या ऐसा होने की प्रतिबद्धता हो, का निरीक्षण परीक्षण एवं जांच करने का अधिकार होगा ।

(दो) वह अपने नामांकन की अधिसूचना में विनिर्दिष्ट स्थानीय अधिकारिता की सीमाओ के भीतर किसी संरचना, स्थल, स्थान या परिसर का परीक्षण करेगा जब यह विश्वास करने का कारण हो कि उस परिसर का उपयोग, सीवर/सेप्टिक टैंक की खतरनक ढंग से सफाई के लिए किया गया है या किया जा रहा है या उसका इससे संबंध है।

(तीन) सीवर/सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई या अस्वच्छ शौचालयों से संबंधित कोई परीक्षण या जांच के प्रयोजन के लिए किसी ऐसे व्यक्ति का कथन, जो उसके विचार से आवश्यक है, मौके पर ही या अन्यथा लेगा :

परंतु ऐसा व्यक्ति, किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए या ऐसी गवाही देने के लिए, जो उसे दोषी ठहराने के लिए हो, बाध्य नहीं होगा।

(चार) इन नियमों के अधीन किसी परीक्षण या जांच के प्रयोजन से छायाचित्र, वीडियो क्लिप, नमूना, अभिलेख या बनाया गया कोई रेखाचित्र, जो वह आवश्यक समझे, लेगा।

(पांच) यदि निरीक्षक को यह प्रतीत होता है कि सीवर/सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई हो रही है तो वह उस खतरनाक सफाई को तत्काल रोकेगा।

11. **राज्य निगरानी समिति के सदस्यों की पदावधि, पद की रिक्ति और भत्ते.–** (1) अधिनियम की धारा 26 की उप–धारा (1) के खण्ड (ड.) और (झ) के अधीन नामांकित राज्य निगरानी समिति के प्रत्येक सदस्य, राजपत्र में उनके नामांकन की अधिसूचना प्रकाशित होने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा और उक्त अवधि के अवसान पर, निरंतर तब तक पद धारण करेगा, जब तक कि उसका उत्तराधिकारी नामांकित नहीं हो जाता और वह पुनः नामांकन के लिए भी पात्र होगा। धारा 26 की उप–धारा (1) के खण्ड (ज) में यथा निर्दिष्ट नगर पालिक निगम या जिला पंचायत के कम से कम एक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चक्रानुक्रम में दो वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक सदस्य,–

(क) प्राधिकारी, जिसने उसे नामांकित किया है, को अपना पद त्याग करने हेतु, 30 दिवस की अन्यून अवधि में, लिखित सूचना पत्र देगा और ऐसे त्यागपत्र स्वीकार होने पर या सूचना पत्र देने के 30 दिवस के अवसान होने पर, जो भी पहले हो, उसका पद रिक्त समझा जायेगा।

(ख) उसका पद रिक्त समझा जायेगा– (एक) यदि वह, समिति की लगातार तीन बैठकों में, अध्यक्ष से अनुपस्थिति की अनुमति अभिप्राप्त किए बिना, उपस्थित होने में विफल रहता है :

परंतु प्राधिकार, जिसने उसे नामांकित किया है, यदि इस बात से संतुष्ट है कि ऐसा सदस्य पर्याप्त कारणों से समिति की तीन लगातार बैठकों में उपस्थित होने से निवारित रहा है, तो वह उसकी सदस्यता, बहाल कर सकेगा ।

(दो) यदि वह, निम्नलिखित निरर्हताओं में से किसी के अधीन हो जाता है, अर्थात:–

(एक) अनुन्मोचित दिवालिया हो जाता है

(दो) किसी सक्षम प्राधिकार के द्वारा विकृत चित्त घोषित हो जाता है

(तीन) किसी ऐसे अपराध के लिए, जिसमें प्राधिकार, जिसने उसे नामांकित किया है, की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित है, दोषसिद्ध हो जाता है ।

(ग) पद से हटाया जा सकेगा, यदि प्राधिकार, जिसने ऐसे सदस्य को नामांकित किया है, की राय हो कि अभिरूचि (कार्य करना), जिसके लिए वह नामांकित है, दर्शित करना बंद कर देता है:

परंतु इस खण्ड के अधीन किसी सदस्य को उसके पद से तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि उसे ऐसे हटाये जाने के विरूद्ध कारण बताने हेतु युक्तियुक्त अवसर प्रदान नहीं किया गया हो।

(3) किसी आकस्मिक रिक्ति की पूर्ति हेतु नामांकित सदस्य, अपने पूर्वाधिकारी की अनवासित भाग की अवधि के लिए पद धारण करेगा।

(4) (1) राज्य निगरानी समिति के शासकीय सदस्य के यात्रा भत्ते उसके द्वारा अपने शासकीय कर्तव्य पर की गई यात्रा के लिए लागू नियमों के अधीन शासित होगा और उसका भुगतान उसके वेतन भुगतान करने वाले प्राधिकारी के द्वारा किया जाएगा।

(2) राज्य निगरानी समिति के अशासकीय सदस्य के यात्रा भत्ते, ऐसी समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए राज्य शासन के प्रवेश स्तर के प्रथम श्रेणी अधिकारी (समूह–एक) के लिए यथा लागू दर पर भुगतान किया जाएगा और दैनिक भत्ते की गणना ऐसे अधिकारी को देय अधिकतम दर पर की जायेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

491

परिशिष्ट–एक

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के सर्वेक्षण के लिए जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की संरचना और कृत्य

1. जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की संरचना :–

स. क्र.	संरचना	पदनाम
1.	जिला दण्डाधिकारी	अध्यक्ष
2	अनुसूचित जाति से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी जिसे राज्य शासन द्वारा नामांकित किया जायेगा	सदस्य सचिव
3.	जिला सांख्यिकीय अधिकारी	सदस्य
4.	नगरीय विकास विभाग/स्थानीय स्वशासी विभाग का जिला स्तरीय अधिकारी	सदस्य
5.	रेलवे का एक प्रतिनिधि	सदस्य
6.	हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्य करने वाले गैर–शासकीय संगठनों के दो प्रतिनिधि	सदस्य
7.	समुदाय के दो प्रतिनिधि जिनमें से एक महिला होनी चाहिये	सदस्य

2. जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति के कृत्य :–

(1) जिला स्तर पर सर्वेक्षण की प्रकिया की निगरानी (मॉनिटरिंग) और पर्यवेक्षण।
(2) शहर में मीडिया सामग्री का वितरण।
(3) सर्वेक्षण के बारे में स्थानीय समाचार पत्रों आदि के द्वारा प्रचार की व्यवस्था।
(4) अपने क्षेत्राधिकार के शहरों/ग्रामों में अनुवादित सर्वेक्षण सामग्री का वितरण।
(5) जिले के समस्त शहरों/कस्बों/ग्रामों के लिए हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की अंतिम सूची का अनुमोदन।
(6) जिले में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की अंतिम समेकित सूची का प्रकाशन।

परिशिष्ट–दो

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के सर्वेक्षण के लिए राज्य स्तरीय सर्वेक्षण समिति की संरचना और कृत्य

1. राज्य स्तरीय सर्वेक्षण समिति की संरचना :–

स.क्र.	संरचना	पदनाम
1.	राज्य शासन द्वारा नामांकित अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव	अध्यक्ष
2.	यदि समिति का अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव है तो अनुसूचित जाति से संबंधित प्रमुख सचिव/सचिव। यदि प्रमुख सचिव, अनुसूचित जाति कल्याण स्वयं अध्यक्ष हैं तो संचालक, अनुसूचित जाति कल्याण।	सदस्य सचिव
3.	संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी	सदस्य
4.	सचिव, नगरीय विकास विभाग/स्थानीय स्वशासी विभाग	सदस्य
5.	क्षेत्रीय निदेशक, जनगणना कार्य	सदस्य
6.	रेलवे का एक प्रतिनिधि	सदस्य
7.	हाथ से मैला ढोने वाले और सफाई कर्मचारियों के लिये कार्य कर रहे गैर–शासकीय संगठनों के दो प्रतिनिधि	सदस्य
8.	समुदाय के दो प्रतिनिधि जिसमें से एक महिला होनी चाहिये	सदस्य

2. राज्य स्तरीय सर्वेक्षण समिति के कृत्य :–

(1) हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों के सर्वेक्षण की योजना, समन्वयन और निगरानी (मॉनिटरिंग) ।
(2) मीडिया सामग्री तैयार करना और इसका स्थानीय भाषा में अनुवाद करना।
(3) अपने क्षेत्राधिकार के अधीन शहरों/ग्रामों में अनुवादित सर्वेक्षण सामग्री का वितरण।
(4) जिलों मे मिडिया सामग्री का वितरण।
(5) सर्वेक्षण के बारे में स्थानीय समाचार पत्रों आदि के माध्यम से प्रचार की व्यवस्था।
(6) राज्य के समस्त शहरों/कस्बों/ग्रामों के लिए हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की अंतिम सूची का संग्रहण एवं अनुमोदन।
(7) राज्य में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की अंतिम समेकित सूची का प्रकाशन।

परिशिष्ट–तीन (497)

सर्वेक्षण रिपोर्ट

अस्वच्छ शौचालय का विवरण :

1. व्यक्तिगत अस्वच्छ शौचालय का विवरण (आईआईएल):

स क्र.	व्यक्तिगत अस्वच्छ शौचालय के मालिक का नाम	स्थान		हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का मासिक वेतन / पारिश्रमिक (रू)	
		शुष्क शौचालय	शौचालय जहां से मल खुली नालियों में बहाया जाता है	नगद में	भोजन आदि के रूप में

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के द्वारा साफ किए जाने वाले व्यक्तिगत अस्वच्छ शौचालयों की कुल संख्या

(टीप : हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के द्वारा साफ किए जाने वाले व्यक्तिगत अस्वच्छ शौचालयों का कृपया विस्तृत विवरण दें। यदि आप कोई अतिरिक्त जानकारी देना चाहते हैं तो कृपया इस पृष्ठ की फोटोकापी कर सर्वेक्षण प्रपत्र के साथ संलग्न करें।)

2. सामूहिक अस्वच्छ शौचालय का विवरण (सीआईएल):

स क्र.	सामुदायिक अस्वच्छ शौचालय के मालिक (संगठन / अभिकरण) का नाम	स्थान		हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का मासिक वेतन / पारिश्रमिक (रू)	
		शुष्क शौचालय	शौचालय जहां से मल खुली नालियों में बहाया जाता है	नगद में	भोजन आदि के रूप में

3. खुली नालियों (ओडी) / रेल पटरियों / अन्य स्थान का विवरण :

स क्र.	खुली नालियों / रेल पटरियों / अन्य स्थान का पता जहां अस्वच्छ शौचालय से मल बहाया जाता है	हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का मासिक वेतन / पारिश्रमिक	
		नगद में	वस्तु के रूप में (रू.)

(टीप : यदि ओडी में हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी की संख्या एक से अधिक है तो कृपया प्रत्येक हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी के लिए एक पृथक प्रपत्र भरा जाये।)

परिशिष्ट–चार

स्वघोषणा प्रपत्र

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारियों की पहचान

(कार्यालयीन उपयोग)

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का छायाचित्र

- राज्य का नाम
- जिला
- नगरपालिका ..... शहर ..... वार्ड .....
- पंचायत ..... ग्राम .....

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी
के परिवार का छायाचित्र

(छायाचित्र पोस्टकार्ड साईज का 6"X 4")

1. हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का नाम : .....
2. पिता / माता / पति / पत्नी का नाम : .....
3. उम्र .....
4. लिंग पुरूष ☐ स्त्री ☐
5. शैक्षणिक स्तर : (उपयुक्त खाने में √ का चिन्ह लगाएं)

(एक) (क) साक्षर ☐ (ख) निरक्षर ☐

(दो) यदि साक्षर हैं तो शिक्षा का स्तर

(क) कक्षा 1–5 ☐ कक्षा 6–10 ☐ कक्षा 11–12 ☐ कक्षा 12 से ऊपर ☐

6. व्यवसाय

(एक) अस्वच्छ शौचलय से मानव मल की सफाई/निपटान/उठाना ☐

(दो) अनुपचारित मानव मल की हाथ से सफाई: (क) खुली नाली से ☐

(ख) रेल पटरियों से ☐ (ग) शौचालय के गड्ढों से ☐

7. रोजगार की स्थिति :–

(एक) नियोजित हैं :

(क) निजी :

(एक) अकेले परिवार में ☐ (दो) समुदाय/सामूहिक परिवार में ☐

(तीन) ठेकेदार ☐ (चार) संस्थान जैसे अस्पताल कार्यालय आदि. ☐

(पांच) अन्य (विनिर्दिष्ट करें)

(ख) केन्द्र शासन ☐ **(ग)** राज्य शासन ☐

(घ) नगर पालिक निगम ☐

(दो) नियोजन का आधार :

(क) स्थाई आधार पर ☐ **(ख)** अस्थाई आधार पर ☐

(ग) संविदा आधार पर ☐ **(घ)** जजमानी ☐

8. इस व्यवसाय में आप कितनी अवधि से हैं : .....

9. सामाजिक पृष्ठभूमि :

(क) क्या अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./अन्य से संबंधित हैं ☐

(ख) जाति ☐ **(ग)** उप जाति ☐

(घ) धर्म ☐

(496)

10. **(क)** क्या आप ने शासन की पुनर्वास योजना से कोई लाभ प्राप्त किया है ?

(उपयुक्त खाने में √ का चिन्ह लगाएं)

हां	नहीं

(ख) यदि हां, तो योजना का नाम (उपयुक्त खाने में √ का चिन्ह लगाएं)

स क्र.	**योजना का नाम**	**रूपये**
(1)	(2)	(3)
1.	मैला ढोने वालों की मुक्ति और पुनर्वास की राष्ट्रीय योजना (एन.एस. एल.आर.एस.)	
2.	मैला ढोने वालों के पुनर्वास हेतु स्वरोजगार योजना (एस.आर.एम.एस)	
3.	कोई अन्य (कृपया योजना (योजनाओं) का नाम विनिर्दिष्ट करें)	

(ग) यदि हां तो क्या परियोजना उपर्युक्त चल रही योजनाओं के द्वारा वित्त पोषित हैं :

हां	नहीं	यदि हां तो मासिक आय (रूपये)

11. **(क)** क्या आप मैला ढोने के अलावा किसी अन्य व्यवसाय में संलग्न हैं?

हां ☐ नहीं ☐

(ख) यदि हां तो कृपया विनिर्दिष्ट करें

12. कोई अन्य कौशल जो आपके पास है :

(एक) निर्माण ☐ (दो) बढ़ाईगिरी ☐

(तीन) वाहन चालन ☐ (चार) पाक कला ☐

(497)

(पांच) सिलाई ☐ कोई अन्य (कृपया विनिर्दिष्ट करें) .....

13. प्रस्तावित वैकल्पिक व्यवसाय (कृपया उल्लेख करें) : .....

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का नाम और पता .....

..... पिनकोड .....

संपर्क दूरभाष / मोबाइल नं. .....

हाथ से मैला ढोने वाले कर्मचारी का हस्ताक्षर / अंगूठा निशानी

.....

नाम और तारीख.....

.....

डाटा एंट्री आपरेटर का हस्ताक्षर

.....

.....

नाम और तारीख (कोड नं. सहित)

.....

गणक का हस्ताक्षर .....

नाम और तारीख (कोड नं. सहित)

.....

पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर .....

नाम और तारीख (कोड नं. सहित)

.....

रायपुर, दिनांक 4 मार्च 2014

क्रमांक/एफ-19-45/25-3/2012.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 मार्च, 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से, एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल चौधरी, उप-सचिव.

Raipur, the 4th March 2014

No. F-19-45/25-3/2012.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 36 of the Prohibition of Employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation Act, 2013 (No. 25 of 2013), the State Government, hereby, makes the following rules, namely :—

RULES

1- **Short title and commencement.**— (1) These rules may be called the Chhattisgarh Prohibition of Employment as manual Scavengers and their Rehabilitation Rules, 2014.

(2) These rules shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

(3) These rules shall be enforced and have effect on all organizations and areas for which the State Government is the appropriate Government.

2. **Definitions.**— (1) In these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) **"Act"** means the Prohibition of Employment as Manual Scavengers and their Rehabilitation Act, 2013 (No. 25 of 2013);

(b) **"District Level survey Committee"** means the Committee constituted by the State Government to conduct and oversee the Process of the Survey of the manual scavengers in the district. The composition and functions of the Committee shall be notified by the State Government as per **Annexure-I**;

(c) **"Inspector"** means a person appointed as "inspector" by the State Government as per the provisions of sub-section (1) of Section 20 of the Act;

(d) **"Numerator"** means any person engaged by the Local Authority for the purpose of survey or verification of mannual scavengers;

(e) **"State Level Survey Committee"** means the Committee constituted by the State Government for planning, co-ordinating and monitoring the survey of manual scavengers in the State through the District Level Survey Committees. The composition and functions of the Committee shall be notified by the State Government as per **Annexure-II**;

(f) **"Supervisor"** means an official engaged by the Local Authority to upervise the work of survey done by the enumerator and to further verify the veri' ition done by the enumerator.

(2) All other words and expressions used but not defined in these rules shall have the same meaning as defined under the Act.

3. **Obligations of the Employer towards its Employees engaged for the cleaning of sewer or septic tank.**— (1) No person shall be engaged for hazardous cleaning of a sewer or a septic tank.

(2) If any person is engaged in cleaning a sewer or a septic tank he shall be provided by his employer, the following protective gear and safety devices :—

499

(i)	Safety Body Clothing/Safety Body Belt
(ii)	Normal Face Mask
(iii)	Safety Torch
(iv)	Hand Gloves
(v)	Safety Goggles
(vi)	Safety Helmet
(vii)	Emergency Medical Oxygen Resuscitator Kit
(viii)	Gas Monitor (4 Gases)
(ix)	Head Lamp
(x)	Reflecting Jacket
(xi)	Guide Pipe Set
(xii)	Safety Tripod Set
(xiii)	Wadder Suit
(xiv)	Breathing Apparatus
(xv)	Chlorine Mask
(xvi)	Air Compressor for Blower
(xvii)	Modular Airlines Supply Trolley System
(xviii)	Full Face Mask
(xix)	Safety Gumboots
(xx)	Raincoat

(3) The Local Authority shall ensure that the latest modern safety equipments and technology are used for cleaning of sewers and septic tanks.

(4) The employer shall also ensure the following safety precautions before the employee is engaged in the cleaning of a sewer or a septic tank, namely:-

(a) There shall be a minimum of two employees present at all times, one of whom shall be a supervisor;

(b) The atmosphere within the confined space must be tested for oxygen deficiency and toxic and combustible gas;

(c) At least one trained and experienced employee shall be present at all times during sewer cleaning;

